# अग्निपथ काला कानून योजना भी मोदी सरकार को वापस लेनी पड़ेगी, वापस लेने तक आंदोलन चलते रहेंगे : धारीवाल

**कोटा,** (निसं)। मोदी सरकार द्वारा लायी गयी अग्निपथ योजना के विरोध में अग्निवीरों के पक्ष में 27 जून सोमवार को कोटा जिला कलेक्ट्री कार्यालय के बाहर प्रात:11 बजे यूडीएच मंत्री शान्ति धारीवाल के अगुवाई में कांग्रेसजनों ने विशाल धरना देकर प्रदर्शन किया गया। जिसमे विशेष रूप से बूंदी से पीसीसी द्वारा नियुक्त अग्निपथ योजना पर्यवेक्षक सत्येष शर्मा भी मौजूद थे। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कांग्रेसजन मोदी सरकार, अग्निपथ विरोधी लिखी तख्तियां लेकर आये थे बीच बीच मे मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

इस मौके पर अग्निपथ योजना के विरोध में धरना प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे यूडीएच मंत्री शान्ति धारीवाल ने कहा कि मोदीजी अपनी नाकामियों को छुपाने, देश की जनता का मैन मुद्दों महंगाई, अन्य मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए अग्निपथ जैसी योजना लाकर देश को गुमराह कर रहे हैं कांग्रेस पार्टी अग्निपथ योजना वापस होने तक मोदी सरकार के खिलाफ सड़कों पर आंदोलित रहेंगी उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के पक्ष में उनको हक दिलाने के लिए पीछे नही हटेंगे उन्होंने कहा कि ऐसा ही काला कानून किसानों के लिए लाये थे उसको मोदी जी को वापस लेना पड़ा, अपने मुंह की खानी पड़ी अग्निपथ योजना को भी काले कानून की तरह वापस लेना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश को बचाने के लिए लड़ती रहेंगी। धारीवाल ने कहा कि देश भर में मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे है। युवा, आमजन सड़कों पर आंदोलित है। मोदीजी विदेशों में भारत की पिछली कांग्रेस सरकारों की निंदा में व्यस्त हैं आमजन त्रस्त हो रहा है ऐसी निकम्मी नकारा सरकार, मूक दर्शक सरकार पहले कभी नही देखी।



कोटा में अग्निपथ योजना के विरोध में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल की अगुवाई में प्रदर्शन किया गया।

उन्होंने कहा कि 700 किसानों की शहादत पर मूक दर्शक बनी रही मोदी सरकार यह सरकार किसी की भी सगी नही है। शान्ति धारीवाल ने कहा कि 8 वर्षो में 16 करोड़ नौकरी होनी चाहिए थी मोदी सरकार के 2014 के वादे के अनुसार, मोदी सिर्फ झूठ बोलकर जुमलेबाजी कर अपना उल्लू सीधा कर रहे है अब योवाओ के साथ छलावा, धोखा कर रहे हैं उन्होंने कहा मोदी सरकार की निकट भविष्य में विदाई होने वाली है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि अग्निपथ योजना लाकर देश के अग्निवीरो के साथ मोदी सरकार धोखा देकर उनके साथ कुठाराघात कर रही है इस झूठी, मक्कार, नकारा मोदी सरकार के खिलाफ अग्निपथ के विरोध में अग्निवीरों के पक्ष में आंदोलन जारी रहेंगे चाहे हमे जेल भी जाना पड़े पीछे नही हटेंगे। उन्होंने कहा कि पहले हम गोरों से नही डरे तो इन चोरों से क्या डरेंगे। मोदी सरकार द्वारा लाया गया अग्निपथ कानून वापस नही हो जाता

■ **अग्निवीरों के साथ धोखा कर रही है मोदी सरकार : त्यागी**

जब तक किसी न किसी रूप में कांग्रेस कार्यकर्ता आंदोलन करते रहेंगे।

खादी ग्राम उद्योग के उपाध्यक्ष पंकज मेहता ने कहा कि देश मे बेरोजगारी को लेकर युवाओं में मोदी सरकार के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है देश भर में युवा सड़कों पर आंदोलित है मोदीजी 2014 से अब तक देश की जनता से झूठ पर झूठ बोलते जा रहे है अग्निवीरों के साथ कुठाराघात किया जा रहा है। पीसीसी द्वारा नियुक्त अग्निपथ योजना के पर्यवेक्षक सत्येष शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार देश की आमजनता को ठगने का काम कर रही है 4 वर्षो की नौकरी से अग्निवीरों का भविष्य अंधकार में डाल रही है मोदी सरकार, अग्निवीरों के साथ कांग्रेस अन्याय नही होने देंगी।

उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना को वापिस लेना पड़ेगा मोदी सरकार को, हिटलर शाही मोदी सरकार की ज्यादा दिन चलने वाली नही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमित धारीवाल ने कहा कि अग्निपथ योजना युवाओं को आग में झोंकने वाली योजना है उन्होंने कहा कि किसानों के काले कानून में मोदी जी मुह की कहानी पडी थी इसमें भी मुंह की खानी पड़ेगी।

उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ विजय सोनी ने बताया कि आज विशाल धरना, प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद शर्मा, पीसीसी सदस्य डॉ जफर मोहम्मद, पूर्व पीसीसी सचिव शिवकांत नंदवाना, महापौर उत्तर मंजू मेहरा, महापौर दक्षिण राजीव अग्रवाल, उपमहापौर शोनू कुरैशी, उपमहापौर पवन मीणा, उपाध्यक्ष देवा भड़क, हाड़ौती विकास मोर्चा के राजेन्द्र सिंह सांखला, सं महासचिव रामेश्वर सुवालका, कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ विजय सोनी, पीसीसी सदस्य अख्तर खान अकेला, किशोर मदनानी, उपाध्यक्ष जगदीश ठाड़ा, महामंत्री संजय यादव, अनिल अरोड़ा, अनूप कुमार अन्नू, हिमांशू शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजीव आचार्य, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप भाटिया, ललित चित्तौड़ा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष श्याम सिंह जादौन, हर्ष मेहरा, नेतागण, ब्लॉक अध्यक्ष गण, पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के अध्यक्षगण, पदाधिकारी, समस्त पार्षदगण सहित कांग्रेस जन आदि मौजूद थे। संचालन युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विजय सिंह राजू ने किया।

## रेल प्रशासन के आदेशों के खिलाफ वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉईज यूनियन ने प्रदर्शन किया

**कोटा,** (निसं)। मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय कोटा द्वारा निकाले जा रहें मनमाने स्थानान्तरण एवं पदौन्नति आदेशो एवं नीति विरूद्ध निर्णयों के खिलाफ आज यूनियन द्वारा मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय पर यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव की अगवाई में जोरदार नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

सहा.मण्डल सचिव कॉ.नरेश मालव ने बताया कि विद्युत विभाग(टीआरडी) में विगत दिनों स्थानान्तरण एवं पदौन्नति के आदेश जारी हुए जिनमें वरि. मण्डल विद्युत अभियंता(टीआरडी) द्वारा मनमाने तरीके से कर्मचारियों की नेमनोटिंग इग्नौर करते हुए अपने चहेते कर्मचारियों को उनके मन चाहे स्टेशनों पर पदस्थ कर दिया गया जिसके खिलाफ यूनियन ने पत्र एवं वार्ता के माध्यम से प्रशासन को सूचित भी किया लेकिन प्रशासन द्वारा संशोधित आदेश जारी नहीं किये गये जिससे कई कर्मचारी अन्याय का शिकार हो रहें है।

इसी प्रकार इंजीनियरिंग विभाग में कोटा नार्थ डिपो में मनमाने तरीके से कनिष्ठ पर्यवेक्षक को इंचार्ज के पद पर लगाया हुआ है। इससे वरिष्ठ कर्मचारियों के अधिकारों का हनन हो रहा है। अन्य विभागो में भी इसी प्रकार के मनमाने निर्णय लेकर मण्डल के अधिकारियों द्वारा तानाशाही की जा रही है इसके साथ ही प्रशासन द्वारा कोटा मण्डल के रनिंग स्टाफ को गुना में पदस्थ करने तथा चित्तौड़ से गंगापुर क्रेक वर्किंग कराने के मंसूबों से भी रेल कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। कई विभागों में पदौन्नति आदेश अकारण ही रोककर रखे गये है। जिनसे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

इन सभी नीति विरूद्ध कार्यों के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए आज सभी विभागों के रेल कर्मचारी महामंत्री मुकेश गालव के नेतृत्व में रेली के रूप में जोरदार नारेबाजी करते हुए मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय पहुंचे एवं वहां पर लगातार इन आदेशों के खिलाफ 2 घंटे तक नारेबाजी कर रोष जताया।

इसके पश्चात यूनियन के प्रतिनिधि मण्डल ने मण्डल रेल प्रबन्धक से मिलकर उपरोक्त विषयों से उनको अवगत कराया एवं यूनियन की मांग पर संज्ञान लेकर प्रशासन द्वारा गलत तरीके से जारी किये गये आदेशों पर तत्काल रोक लगाकर उनको संशोधित करने का निर्णय हुए अन्य मदों पर निश्चित समयावधि में निस्तारण करने का आश्वासन प्रशासन द्वारा दिया गया।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम दुर्रिया से बदलकर नया नाम दुर्रिया अली आमिर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

**पता-दुर्रिया अली आमिर पत्नी अली आमिर हकीमी मंजिल नियर छोटा रामद्वारा किशोरपुरा कोटा**

**खोया-पाया**

मेरे आवास संख्या 1-ध-13 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, इन्वेन्ट्री लिस्ट, अदेय प्रमाण पत्र खो गए है। जिसे मिले निम्न पते पर पहुंचाने की कृपा करें।

**पता-विजय कुमार दलेला पुत्र बजरंग बहादुर दलेला स्टेशन रोड सी-2 भीमसिंह नगर चन्द्रेसल, कोटा**

## सार-समाचार

### सुभाष सोरल कोटा कलाकार सोसायटी के अध्यक्ष बने

**कोटा,** (निसं)। कोटा कलाकार सोसाइटी के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए जिसमें कोटा के वरिष्ठ कलाकार व निर्देशक सुभाष सोरल को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर कोटा के कई कलाकार, कला प्रेमी व सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष बनने पर खुशी जाहिर करते हुए सोरल का माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर सोरल ने सबको धन्यवाद दिया व कोटा के कलाकारों की हर समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया। पूर्व सचिव नंदू मस्ताना ने बताया कि कलाकारों के निर्विरोध हुए चुनाव में सभी ने सुभाष सोरल के नाम पर मोहर लगा दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोरल ने इस दौरान कहा कि कलाकारों के हित में अब तेजी से कार्य किया जाएगा वहीं नए कलाकारों को भी जोड़कर कला के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से नगर निगम द्वारा फिल्म, सीरियल, वेब सीरीज की शूटिंग के लिए जगह निशुल्क देने व एनओसी लेने के लिए लम्बी जटिल प्रक्रिया को छोटा किया गया है वैसे ही कलाकारों के लिए यूआईटी द्वारा संचालित गार्डन व धरोहर को भी निशुल्क व नियमों में सरलीकरण की बात कही। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में शीघ्र ही यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल से मुलाकात की जाएगी, उन्होंने कहा कि शीघ्र ही कार्यकारिणी की घोषणा भी होगी। इस अवसर पर संस्था के सरंक्षक अक्कू, आफताब घायल, विवेक डिंपल, हरीश महावर, नंदू मस्ताना, अमित राज, वीरेश पोखर, रवि राव, महेंन्द्र अलबेला, रवि दुबे आदि कलाकार उपस्थित थे। सोरल ने बताया कि 3 जुलाई को शाम को 5 बजे कलाकारों की मीटिंग किशोर सागर तालाब पर रखी गई है जिसमें कार्यकारणी का विस्तार किया जाएगा।

### जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**कोटा,** (निसं)। सेना भर्ती की अग्निपथ योजना को लेकर सम्पूर्ण देश मे भारी आक्रोश हैं। इसी के क्रम मे सोमवार को कोटा दक्षिण कांग्रेस प्रत्याक्षी एवं पीसीसी सचिव राखी गौतम के नेतृत्व मे संभागीय आयुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन एवं सत्याग्रह किया गया। इस दौरान शांतिपूर्वक सत्याग्रह का आयोजन कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा दिया गया। जिसमे राम-धुन की आवाज गुंजायमान रही। शहर के सैंकड़ों नौजवान युवक इस दौरान सत्याग्रह मे शामिल हुए। इस दौरान गौतम ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा आनन-फानन मे सेना की भर्ती अग्निपथ योजना लागू की गई हैं। जो कि देश के युवा के साथ एक छलावा सिद्ध होगी। गौतम ने बाताया कि यह देश के युवा हेतु समर्पित अल्प आयु मे अल्प समय हेतु अल्प वेतन पर योजना लागू की गई हैं। जिसका असर अभी नही मिलकर भविष्य मे प्रकट होगा। यह योजना एक मात्र देश के युवा वर्ग के साथ छलावा सिद्ध होगी। जिसका विरोध देश के सभी युवा वर्ग को पूरजोर के साथ करना चाहिए। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अनुराग गौतम, पार्षद सुमित्रा खींची, मोहन नन्दवाना, शालिनी गौतम, आसिफ मिर्जा, राजेश बुद्धराजा, लक्ष्मी तवंर, यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष तरूण चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

## साहित्यकार महेन्द्र नेह और शकूर अनवर सद्भावना सम्मान से विभूषित




कोटा में साहित्यकार महेंद्र नेह और शकूर अनवर को सम्मानित किया गया।

**कोटा,** (निसं)। कवयित्री सीमा तबस्सुम के लाडपुरा स्थित आवास पर उनके पिता समाजवादी विचारक एवं शिक्षाविद्, मोहम्मद यूसुफ के प्रथम स्मृति दिवस पर आयोजित काव्य-गोष्ठी में साहित्यकार महेन्द्र नेह और शायर शकूर अनवर को सद्भावना सम्मान से नवाजा गया। उन्हें माल्यार्पण के उपरान्त गोष्ठी के अध्यक्ष सलीम रोबिन एवं मुख्य-अतिथि माला श्रीवास्तव द्वारा सम्मान-पत्र एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया।

गोष्ठी का प्रारम्भ कवि गोष्ठी का प्रारम्भ कवि गौरीशंकर सोनगरा के ओजस्वी काव्य-पाठ से हुआ। कवयित्री सपना मीना ने अपनी कविता घूंघट से झांकती मेरी कविताएं में महिला-मुक्ति के स्वप्न बुने। कवि किशनलाल वर्मा ने अपने हाड़ौती-गीत में स्त्रियों पर हो रही ज्यादतियों को चित्रित किया। यकीनुद्दीन यकीन ने अपनी ग़ज़ल के शेर में कहा, अजीब रोग लगा है उसे मोहब्बत का, घड़ी घड़ी में वो छत पर चढ़े उतर जाये। रघुराज सिंह कर्मयोगी ने कहा - राष्ट्रधर्म की बलिवेदी पर , पगड़ी पहन बसंती निकले। हंसराज चौधरी ने ग़ज़ल के शेर पढ़े - मेरी भी सुनो यार, कहीं देर न हो जाये, पुर रोशनी के फेर में अंधेर हो न जाय।

गोष्ठी का संचालन कर रहे नागेन्द्र कुमावत ने अपनी कविता में आदिवासियों और किसानों के दर्द को बयां किया-जल-जंगल-धरती से अपना है जन्मों का नाता, फिर क्यों कोई बने हमारा भारत भाग्य विधाता। सीमा तबस्सुम ने देशभक्ति के नाम पर प्रलोभन देने वालों पर व्यंग्य करते हुए शेर पढ़े - बड़ी बातें बनाना तुमको आता है, वतन से दिल लगाना हमको आता है।

सम्मानित कवि महेन्द्र नेह ने अपने गीत में लिखा-हम सर्जक हैं समय सत्य के, नई जिन्दगी को स्वर देंगे। सम्मानित शायर शकूर अनवर ने अपनी ग़ज़ल में कहा-खुशनसीबी से दम निकला, लोग निकले हैं ले के तलवारें और तुमसे कलम नहीं निकला।

अध्यक्षता कर रहे सलीम रोबिन ने कहा कि मोहम्मद युसुफ साहेब एक उच्च कोटि के विचारक और शिक्षाविद थे। नगर के कवियों एवं शायरों ने इस गोष्ठी के उपस्थित होकर उन्हें एक सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## हाड़ौती विकास मोर्चा ने रैली निकाली रैली

**कोटा,** (निसं)। देशभर में अग्निवीर स्कीम का विरोध हो रहा है। कोटा में भी शनिवार शाम को हाड़ौती विकास मोर्चा ने बैनर तले सैंकड़ों युवाओं ने इस स्कीम के विरोध में रैली निकाली।

शॉपिंग सेंटर से सब्जी मंडी तक निकाली गई रैली का नेतृत्व हाड़ौती विकास मोर्चा के संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र सांखला और शहर अध्यक्ष शादाब खान ने किया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व युवा शामिल हुए। इस रैली में शामिल कार्यकर्ता कांग्रेस के झंडे और बैनर हाथ में लिए थे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। यह रैली शॉपिंग सेंटर, गुमानपुरा, सूरजपोल, कैथूनीपोल, लालबुर्ज, श्रीपुरा मोटर स्टैंड होते हुए सब्जीमंडी पर खत्म हुई। जहां पर आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला भी कार्यकर्ताओं ने जलाया है। रैली को संबोधित करते हुए राजेंद्र सांखला ने कहा कि सेना में भी संविदा पर भर्ती जैसी की अग्निवीर योजना केंद्र सरकार लेकर आई है। यह सेना भर्ती में शामिल होकर देश सेवा का जज्बा रखने वाले नौजवानों के साथ धोखा है। यह नौजवान लंबे समय से सेना भर्ती की तैयारी करते हैं, लेकिन अब उनकी नौकरी ही सेना में 4 साल की रह जाएगी।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/224 विज्ञप्ति दिनांक:-11.5.22

न्यास कार्यालय की श्रीनाथपुरम-ई आवासीय योजना में भूखंड संख्या 37 का जर्ये इकरारनामा रजिस्ट्री हस्तान्तरण क्रमांक 466 दिनांक 21.03.2005 के द्वारा श्री प्रमोद माहेश्वरी पुत्र श्री गुलाब चन्द माहेश्वरी को किया गया था। श्री प्रमोद माहेश्वरी पुत्र श्री गुलाब चन्द माहेश्वरी द्वारा नियुक्त मुख्तारआम श्रीमती सीता चारण पत्नी श्री हाकम दान चारण ने उक्त भूखंड का विक्रय जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 07.01.2022 से श्री डॉ. हाकम दान चारण पुत्र स्व. श्री कूपदान चारण को कर दिया गया है। श्री डॉ. हाकम दान चारण पुत्र स्व. श्री कूपदान चारण ने उक्त भूखंड का हस्तान्तरण स्वयं के नाम करवाने हेतु आवेदन किया है। अत: जिस किसी को भी उक्त भूखंड का हस्तान्तरण किए जाने में कोई ऐतराज हो तो अन्दर 7 दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड का स्वामित्व हस्तान्तरण श्री डॉ. हाकम दान चारण पुत्र स्व. श्री कूपदान चारण के नाम स्वीकृति जारी कर दी जायेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर**

क्रमांक:-ननिको.(उ.)/जोन प्रथम/2022/1794-95 दिनांक: 29.04.2022

-: सार्वजनिक विज्ञप्ति :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अंकित अरोडा पुत्र स्व. श्री रमेशचन्द अरोडा निवासी-म.नं. 413 अरोडा भवन पंकज होटल के सामने नयापुरा कोटा स्थित भूखंड क्षेत्रफल 1888.71 वर्गफीट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने का आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

आवास/भूखंड म.न. 413 अरोडा भवन पंकज होटल के सामने नयापुरा कोटा स्थित भूखंड का आवंटन पत्र नगर निगम कोटा (राजस्थान) द्वारा श्रीमती सीता अरोडा पत्नी स्व. श्री रमेशचन्द अरोडा के पक्ष में जारी किया गया था। श्रीमती सीता अरोडा के देहान्त के बाद एक मकान की रिलीज-डीड (हक त्याग पत्र) जरिये रजिस्ट्री दिनांक 06.10.2020 को कर दी गई।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवास/भूखंड म.न. 413 अरोडा भवन पंकज होटल के सामने नयापुरा कोटा स्थित उक्त भूखंड का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रुप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर

**सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र**

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)

15ए, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली-110075

सत्यमेव जयते

**विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की योजना**

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत, भारतीय शास्त्रीय नृत्य, उपशास्त्रीय संगीत, नाट्यकला, रूपंकर व लोक कला, पारम्परिक व आदिवासी कला में अद्वितीय प्रतिभाशाली युवा कलाकारों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

कृपया ध्यान दें, आवेदनपत्र वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 के लिए आमंत्रित किए जा रहे है, जो 28 जून, 2022 से प्रभावी होंगे। प्रत्येक वर्ष में दी जाने वाली छात्रवृत्तियों की संख्या 400 है। योजना का विवरण, आवेदकों हेतु निर्देश, योग्यता एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र का स्वरूप भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र की निम्नलिखित वेबसाइटों में पर उपलब्ध है-

www.indiaculture.nic.in

www.ccrtindia.gov.in

आवेदन- पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 27 अगस्त, 2022 है।

आवेदन- पत्र सिर्फ ऑन-लाइन माध्यम द्वारा ही स्वीकार किए जाएंगे।

DAVP-09127/12/0004/2223

## उदयपुर की कसक, बीकानेर की प्रिंयका व कोटा का क्षितिज विनर बने

**कोटा,** (निसं)। ग्लैमर इंडिया दी ड्रीम मेकर्स द्वारा आयोजित मिस, मिसेज व मिस्टर ग्लैमर राजस्थान 2022 के ग्रैंड फिनाले का समापन सोमवार को कोटा स्थित एक होटल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शो के मुख्य अतिथि दिनेश विजय डायरेक्टर ऑफ मां भारती ग्रुप, राजकुमार माहेश्वरी व कुलदीप रहे।

आयोजन के तहत राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। शो के निर्देशक रीता शर्मा जो कि मिसेज क्लासिक गैलेक्सी 2019 रह चुकी है व डॉ जितेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। ग्रैंड फिनाले में उदयपुर की कसक, बीकानेर की प्रिंयका व कोटा का क्षितिज विनर बने। शो में बॉलीवुड सेलिब्रिटी एक्टर व मॉडल करण मेहट, मिसेज रोम वराडकर (मिसेज इंडिया पसिफिक 2019 फर्स्ट रनर अप), टीना खान (सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट), मिसेज शैव्या गौतम माहेश्वरी (मिसेज इंडिया रोताल ब्यूटी), हिमांशु अरोरा (डायरेक्टर ऑफ मैगपाई इंस्टिट्यूट), रोहिताभ सोनी (डायरेक्टर ऑफ गोल्डस जिम) ने अपना जजमेंट दिया। फिनाले में बड़ों के साथ-साथ प्रिंस व प्रिंसेस केटेगरी ने भी सभी दर्शको को मनमोहित कर दिया। मिस्टर, मिस व मिसेज केटेगरी में तीन राउंड हुए जिसमे पहला इंट्रोडक्शन राउंड था जिसमे तीनों केटेगरी के प्रतिभागियों ने जूरी के सामने




कोटा में मिस, मिसेज व मिस्टर ग्लैमर राजस्थान 2022 के ग्रैंड फिनाले का समापन हुआ।

आत्मविश्वास के साथ स्वयं का परिचय दिया तथा दूसरे राउंड में सभी प्रतिभगियों ने इंडो-वेस्टर्न लुक में वाक कर अपना आत्मविश्वास दिखाया तथा अंत में क्वेश्चन आंसर राउंड था जिसमें सभी प्रतिभागियों ने जूरी द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। वही प्रिंस व प्रिंसेस केटेगरी में भाग लेने वाले सभी बच्चे प्रतिभगियों के दो राउंड हुए जिसमे पहला इंट्रोडक्शन राउंड था जिसमे सभी प्रतिभागियों ने अपनी मनमोहक रैंप वॉक के साथ अपना परिचय दिया व जूरी तथा दर्शकों के मन को मोह लिया। तथा दूसरे राउंड में सभी प्रतिभागियों ने वॉक कर सभी दर्शकों व जूरी को लुभाया।

अंत में विनर अनाउंसमेंट की गई। जिसमें मिस्टर केटेगरी में कोटा मिस्टर क्षितिज चोपड़ा विनर रहे व कोटा के मिस्टर अशरफ अंसारी फर्स्ट रनरअप व जोधपुर के मिस्टर राशिद खान सेकंड रनरअप रहे व कोटा के पुरुषार्थ व मयंक डिजाइनर चॉइस विनर रहे।

मिस केटेगरी में उदयपुर की मिस कसक विनर रही जिन्हें डेल्ही डिजिटल कंपनी की ओर से आईफोन 13 गिफ्ट दिया गया तथा कोटा की श्रुति पंवार फर्स्ट रनरअप, बारां की नंदिनी सिंह सेकंड रनरअप व जोधपुर की कोमल पंवार डिजाइनर चॉइस विनर रही। मिसेज केटेगरी में बीकानेर की प्रियंका देवना विनर रही तथा कोटा की नीलम फर्स्ट रनरअप, जयपुर की रिंकू सेकंड रनरअप व कोटा की लेखा शर्मा डिजाइनर चॉइस विनर रही। तथा प्रिंस केटेगरी में 5 से 10 आयु वाले ग्रुप में उदयपुर के मितांश विनर व कोटा के सिद्देश फर्स्ट रनर अप रहे तथा 11 से 16 आयु वाले ग्रुप में कोटा के रश्मित जैन विनर रहे व कोटा के रुद्राक्ष फर्स्ट रनर व विशेष सोनी सेकंड रनर अप रहे। प्रिंसेस केटेगरी में 5-10 आयु वाले ग्रुप में जोधपुर की अनिशा रॉय विनर रही व जोधपुर की योगान्शी फर्स्ट रनरअप, कोटा की नाइरा सेकंड रनरअप व कोटा की माही सभरवाल डिजाइनर चॉइस विनर रही। तथा 11-16 आयु वाले ग्रुप में कोटा की अक्षी सोनी विनर रही व जिया पांड्या फर्स्ट रनरअप, जोधपुर की जयश्री सेकंड रनरअप व कोटा की अपूर्वा डिजाइनर चॉइस विनर रही। शो के एंकर निषेध सोनी थे।

## शिविर आयोजित

**कोटा,** (निसं)। मैक्सिस क्लिनिक ओर मेडिकेयर इनोवेशन के सहयोग से हनुमान नगर, दादाबाड़ी में सोमवार को एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल मांगरोल जिला बारां ( राज. )**

क्रमांक/भूमि/2022/2053-2055 दिनांक:-27.06.2022

**सार्वजनिक आपत्ति/सुझाव आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक द्वारा स्वयं के मकान का स्टेट ग्रान्ट एक्ट/69-ए के नियमन के तहत पट्टा बनाने हेतु संलग्न नक्शा अनुसार पत्रावली प्रस्तुत की गई है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना हो तो वह अन्दर 7 योम में पालिका में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत करें बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | नाम आवेदक मय पिता/पति | पता | वार्ड नं. | क्षेत्रफल | पत्रावली |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री लेखराज गोचर पुत्र श्री अमरलाल | सोरती बावड़ी, मांगरोल | 30 | 454.24 वर्गफुट | स्टेट ग्रान्ट |
| 2 | श्री लक्ष्मीचन्द पुत्र श्री पन्नालाल कुम्हार | लालबाई मोहल्ला, मांगरोल | 12 | 119.22 वर्गफुट | स्टेट ग्रान्ट |
| 3 | श्री फेज मोहम्मद पुत्र श्री अब्दुल लतीफ | रावण के डोल के पास, मांगरोल | 14 | 1810 वर्गफुट | स्टेट ग्रान्ट |
| 4 | श्री मोहम्मद सादिक, सिराजुद्दीन पुत्र श्री स्व. हाजी फेज मोहम्मद | ब्रहम् भारती टोड़ी, मांगरोल | 17 | 1050 वर्गफुट | स्टेट ग्रान्ट |
| 5 | श्री ताहिर हुसैन, आरिफ हुसैन पुत्र श्री मोहम्मद युसुफ | मिश्रा टोड़ी, मांगरोल | 18 | 465 वर्गफुट | स्टेट ग्रान्ट |
| 6 | श्री अशफाक हुसैन पुत्र श्री अ. रजाक | मिश्रा टोड़ी, मांगरोल | 20 | 405.62 वर्गफुट | स्टेट ग्रान्ट |
| 7 | श्री मो. हनीफ पुत्र श्री अ. लतीफ | जामा मस्जिद के पीछे, मांगरोल | 21 | 434 वर्गफुट | स्टेट ग्रान्ट |
| 8 | श्री मोहम्मद हुसैन पुत्र श्री अब्दुल लतीफ | मीठे कुएं के बाग के पास, मांगरोल | 14 | 1300.75 वर्गफुट | स्टेट ग्रान्ट |
| 9 | श्री गुलाब अहमद पुत्र श्री स्व. मो. हनीफ | छोटी मस्जिद के पास, मांगरोल | 31 | 207.62 वर्गफुट | 69-ए |
| 10 | श्री हंसराज पुत्र श्री नन्दकिशोर | लालबाई मोहल्ला, मांगरोल | 27 | 351.5 वर्गफुट | 69-ए |
| 11 | श्री अब्दुल कदीर पुत्र श्री अब्दुल रजाक | मिश्रा टोड़ी, मांगरोल | 19 | 1920 वर्गफुट | 69-ए |

नोट:- उक्त आवेदक पत्रावली की कोई आवश्यक कमियों को पूर्ण कर अन्दर 7 योम में कार्यालय में सम्पर्क करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मांगरोल